# 2013

## ELECTIVE HINDI

### ( Bharatiya Kavya Shastra )

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** काव्य के किन्हीं दो प्रमुख लक्षणों का विश्लेषण कीजिए। 10

**अथवा**

आचार्य मम्मट सम्मत काव्य-प्रयोजनों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**2.** काव्य-हेतु क्या है? काव्य-हेतु के सन्दर्भ में अलग-अलग आचार्यों के मतों का विवेचन कीजिए। 10

**अथवा**

काव्य के विविध भेदों का परिचय दीजिए।

**3.** 'रस' शब्द का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए रस के महत्व पर आलोकपात कीजिए। 10

**अथवा**

विविध रसांगों का सम्यक् विवेचन कीजिए।

**4.** निम्नलिखित छन्दों को सोदाहरण परिभाषित कीजिए : 2+2=4

सोरठा ; चौपाई।

**5.** निम्नलिखित अलंकारों को सोदाहरण परिभाषित कीजिए : 2+2=4

श्लेष ; अपह्नुति।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'शब्दशक्ति' का आशय स्पष्ट कीजिए

(ख) आचार्य भट्टनायक ने 'साधारणीकरण' की व्याख्या किस प्रकार प्रस्तुत की है?

(ग) 'वियोग शृंगार' तथा 'करुण रस' में निहित अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'उपमा' और 'रूपक' अलंकारों के अन्तर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'लक्षणा' शब्दशक्ति के प्रमुख भेदों पर आलोकपात कीजिए।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) "तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि"—यह किसका कथन है?

(ख) भरत मुनि के रस-सूत्र का उल्लेख कीजिए।

(ग) अभिधा शब्दशक्ति क्या है?

(घ) छन्द किसे कहते हैं?

(ङ) रस के सन्दर्भ में सत्वोद्रेक क्या है?

(च) 'यमक' अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(छ) 'श्लेष' अलंकार की परिभाषा दीजिए।

★ ★ ★